भव्य समारोह आयोजित

भरतपुर (निस)। राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड, मण्डल मुख्यालय, भरतपुर के सहायक राज्य संगठन आयुक्त (स्काउट) प्रमोद कुमार शर्मा का उनके अधिवार्शिकीय आयु पूर्ण होने पर सेनानिवृा भव्य समारोह मण्डल मुख्यालय, भरतपुर पर आयोजित किया गया। इस समारोह में जिला भरतपुर व डीग के समस्त सचिव, स्काउटर गाइडर द्वारा सेवानिवृा लेने वाले प्रमोद कुमार शर्मा को साफा, स्कार्फ, माला व प्रतीक चिन्ह से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सी.डी.ओ. मधु भार्गव, प्रेमसिंह कुन्तल पूर्व सेवानिवृत डी.डी. एवं अनित कुमार शर्मा एडीपीसी समसा, सेवर एवं सीबीईओ दलवीर सिंह उपस्थित रहे एवं एलाइन्स इन्टरनेषनल क्लब के अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद शर्मा एवं उनकी टीम जिसमें ओमसिंह सन्धू, झालानी, पदमा मिनोचा आदि द्वारा साफा एवं स्कार्फ देकर सह सम्मानित सेवानिवृति किया गया।

उत्सव का आयोजन आज

करौली(नि.स.)। जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना ने बताया कि जिले मे मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव का आयोजन आज शनिवार को सूचना केन्द्र के टाउन हॉल प्रात: 11:00 बजे से किया जायेगा ।इस संबधां मे संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिये है।

जयशंकर टाईगर जूडो कराटे क्लब भरतपुर के सतीश शर्मा ने रजत पदक प्राप्त किया

भरतपुर (निस)। ऑल इंडिया पुलिस स्पोर्ट्स के मार्गदर्शन में असम पुलिस के तत्वाधान में आयोजित 9 वीं ऑल इंडिया पुलिस जूडो क्लस्टर 2024 का 6 दिवसीय प्रतियोगिता का समापन इनडोर स्टेडियम गुवाहाटी असम में हुआ। राजस्थान पुलिस टीम मैनेजर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजू लाल चौधरी एवं टीम कोच राकेश कुमार ने बताया की राजस्थान पुलिस के भरतपुर जिले में कांस्टेबल पद पर कार्यरत एवं जयशंकर टाईगर जूडो कराटे क्लब भरतपुर के सीनियर खिलाड़ी सतीश शर्मा ने ऑल इंडिया पुलिस जूडो क्लस्टर 2024 के ताइक्वांडो प्रतियोगिता में भाग लेकर रजत पदक प्राप्त कर राजस्थान एवं भरतपुर जिले का नाम रोशन किया। टाईगर क्लब के सचिव पीयूष जयशंकर टाईगर ने बताया की सतीश शर्मा गांव भोंट फतेहपुर का निवासी है एवं पुलिस लाइन भरतपुर में पुलिस कांस्टेबल के पद पर कार्यरत है। क्लब की अध्यक्ष प्रतिभा शर्मा ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि सतीश शर्मा ने ताइक्वांडो स्पोर्ट्स कोटा से राजस्थान पुलिस में चयन होकर अपने गुरु स्वर्गीय जयशंकर टाईगर का सपना साकार किया और वर्तमान में एक अच्छे खिलाड़ी की तरह अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन कर भरतपुर एवं राजस्थान का नाम रोशन कर रहे हैं। भरतपुर डिस्ट्रिक्ट ताइक्वांडो संघ सचिव इंजी दीप्ति शर्मा ने बताया कि सीनियर खिलाड़ी सतीश शर्मा राजस्थान पुलिस की ओर से ताइक्वांडो खेल में भाग लिया जिसमें प्रथम फाइट झारखंड पुलिस के खिलाड़ी से, द्वितीय फाइट तमिलनाडु पुलिस के खिलाड़ी के साथ, तृतीय फाइट उत्तर प्रदेश पुलिस के खिलाड़ी को परास्त कर फाइनल में अपनी जगह बनाकर रजत पदक पर अपना कब्जा जमाया। जयशंकर टाईगर जूडो कराटे क्लब के पदाधिकारियो ने राजस्थान पुलिस के कांस्टेबल एवं टाईगर क्लब के सीनियर खिलाड़ी सतीश शर्मा को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

- **राजस्थान पुलिस के कांस्टेबल पद पर कार्यरत एवं जयशंकर टाईगर जूडो कराटे क्लब भरतपुर के सीनियर खिलाड़ी सतीश शर्मा ने ऑल इंडिया पुलिस जूडो क्लस्टर 2024 के ताइक्वांडो प्रतियोगिता में भाग लेकर रजत पदक प्राप्त कर राजस्थान एवं भरतपुर जिले का नाम रोशन किया**

जयशंकर टाईगर जूडो कराटे क्लब भरतपुर के सीनियर खिलाड़ी सतीश शर्मा ने रजत पदक प्राप्त किया।

समिति की बैठक आयोजित

भरतपुर (निस)। शासन सचिव वित्त (राजस्व) विभाग राजस्थान एवं महानिरीक्षक पंजीयन एवं मुद्रांक विभाग के निर्देशानुसार जिला भरतपुर की जिला स्तरीय बाजार दर निर्धारण समिति की बैठक जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलैक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। जिसमें भरतपुर विधायक डॉ. सुभाष गर्ग एवं समिति के सभी सदस्य व उप पंजीयकगण आदि उपस्थित रहे। बैठक में उपपंजीयकों द्वारा कृषि, आवासीय व व्यावसायिक भूमि की भूमियों की दरों के प्रस्ताव समिति के समक्ष प्रस्तुत किये गये। वर्तमान दरों को तर्कसंगत बनाते हुए समस्त क्षेत्रों को दरों के अनुसार पृथक-पृथक जोन में विभाजित करते हुए विद्यमान कृषि भूमि की हैक्टेयर में दस हजार के निकटतम गुणक में तथा आवासीय व वाणिज्यिक भूमि की दरें वर्गमीटर में दरों के प्रस्ताव दहाई के निकटतम गुणक में 5 से 20 प्रतिशत तक वृद्धि प्रस्तावित की गई।

ईमानदारी का परिचय दिया

करौली(नि.स.)। करौली के सामान्य चिकित्सालय में भर्ती एक रोगी के रुपए गिर जाने पर सफाई कर्मचारी ने रुपए लौटाकर ईमानदारी का परिचय दिया है। करौली के सामान्य चिकित्सालय में सफाई संवेदक मधुसूदन चरौरा ने बताया कि अस्पताल के मेल मेडिकल वार्ड में भर्ती एक रोगी के करीब 1900 रुपये पलंग के पास गिर गए इस दौरान अस्पताल के वार्ड में सफाई कर रहा सनी हरिजन बार्ड को झड़ता हुआ भर्ती मरीज के पलंग तक पहुंचा तो उसे पलंग के नीचे रुपए पड़े मिले जिन्हें उसने उठाकर भर्ती मरीज से रुपए गिरने के बारे में जानकारी ली और जानकारी सही होने पर उसमें रोगी को रुपए लौटा कर ईमानदारी का परिचय दिया जिस पर रोगी के परिवारजनो ने सनी का आभार जताया।

सार-समाचार

ममता शर्मा को पीएचडी की उपाधि

भरतपुर (निस)। भरतपुर महाराजा बृज विश्वविद्यालय ने ममता शर्मा पुत्री डॉ जनक बाबू शर्मा निवासी मुखर्जी नगर को लीलाधर जगूडी और सुदामा पाण्डेय धूमिल की कविताओं में सामाजिक यथार्थ तुलनात्मक अध्ययन शोध विषय पर पीएचडी की उपाधि प्रदान की। इनका यह शोध कार्य सहायक आचार्य डा चतुर सिंह के निर्देशन में एवं आचार्य डॉ शशि प्रभा हिन्दी विभाग के सह निर्देशन में पूर्ण हुआ है। इन्होंने इस शोध प्रबंध में सामाजिक विद्रपताओं राजनीतिक विसंगतियों, महिलाओं की सामाजिक स्थिति, महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार एवं मुख्यत: पूंजीपतियों द्वारा सर्वहारा वर्ग के शोषण का गहन विश्लेषण किया है जो कि वर्तमान संदर्भ में बहुत ही प्रासंगिक है।

विद्यालय निदेशक ने किया रक्तदान

करौली(नि.स.)। करौली के निकट श्याम आदर्श स्कूल पदेबा के निदेशक महात्मा ज्योतिबा फुले युवा समिति के संरक्षक धारा सिंह माली ने एक महिला माया देवी निवासी भारत हॉस्पिटल के सामने करौली जिसका हीमोग्लोबिन 6 ग्राम रह गया जिसकी सूचना धारा सिंह को लगी उन्होंने अपने जीवन काल का दसवां रक्तदान देकर उसकी जान बचाई इस मौके पर महात्मा ज्योतिबा फुले युवा समिति के पूर्व जिला अध्यक्ष पंकज सैनी, संरक्षक बने सिंह कुशवाह, प्रकाश माली, करौली जिले के प्रमुख समाजसेवी बबलू शुक्ला आदि मौजूद थे।

प्रमोद कुमार शर्मा सम्मान किया

भरतपुर (निस)। अलायंस क्लब्स इन्टरनेशनल प्रान्त 120एन भरतपुर द्वारा प्रमोद कुमार शर्मा सहायक राज्य संगठन आयुक्त स्काउट मण्डल मुख्यालय का सेवानिवृति के अवसर पर संस्थापक प्रान्तपाल एली राजेन्द्र प्रसाद शर्मा, ओंकार सिंह संधु, डॉ. सुशील पाराशर, डॉ. भगवान सिंह, मदन गोपाल शर्मा, मनोज झालानी, पदमा मिनोचा, हरेन्द्र शर्मा ने साफा, शॉल, दुपट्टा, माला, स्मृति चिंह व सम्मान पत्र देकर स्वागत किया। एली राजेन्द्र प्रसाद शर्मा ने प्रशस्ति पत्र का वाचन कर, इन्टरनेशनल प्रेसीडेंट अवार्ड प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त

करौली (नि.स.)। जिला मजिस्ट्रेट नीलाभ सक्सेना ने बताया कि पंचायतीराज संस्थाओं मे रिक्त पदों के लिये उपचुनाव माह जून मे घोषित कार्यक्रम के अनुसार पंचायत समिति करौली की ग्राम पंचायत सौरया के उपसरपंच के रिक्त पद पर निर्वाचन 1 जुलाई को सम्पन्न होगी। उक्त निर्वाचन प्रक्रिया को निष्पक्ष एवं भयमुक्त सम्पन्न कराये जाने हेतु कार्यवाहक तहसीलदार रामावतार शर्मा को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया है।

कम्प्यूटर टंकण परीक्षा आज

करौली(नि.स.)।अतिरिक्त जिला कलेक्टर राजवीर सिंह चौधरी ने बताया कि अनुकम्पा नियुक्ति प्राप्त कार्मिकों, जिनकी नियुक्ति हुए 3 वर्ष से अधिक नही हुए है की नियमित कम्प्यूटर टंकण परीक्षा आज शनिवार को प्रात: 10:00 बजे से राजकीय महाविद्यालय करौली मे आयोजित की जायेगी। इस संबंध मे उन्होने डीओआईटी के संयुक्त निदेशक को आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिये है।

मंदिर के परिक्रमा मार्ग के विकास का कार्य प्रारम्भ

भरतपुर (निस)। समृद्ध भारत अभियान संस्था ने कुम्हेर के पैंघोर में स्थित चामुण्डा माता मंदिर के परिक्रमा मार्ग के विकास का कार्य प्रारम्भ कर दिया है। विकास कार्यो के तहत् परिक्रमा मार्ग में 108 नीम के पौधे लगाने, तालाब का जीर्णोद्धार और लाइटिंग का कार्य कराया जायेगा। संस्था ने निदेशक सीताराम गुप्ता ने बताया कि चामुण्डा माता मंदिर समिति की मांग पर माता के परिक्रमा मार्ग का विकास का कार्य शुरू करा दिया गया है। उन्होने बताया कि परिक्रमा मार्ग में छाया के लिए 108 नीम के पौधे लगाये जायेंगे। जिनके लिए गढढे खोदने का कार्य शुरू हो चुका है। नीम के पौधे 3-4 साल में जब वृक्ष बन जायेगे तो पूरी परिक्रमा मार्ग में छाया हो जायेगी। जिससे परिक्रमार्थियों को धूप से होने वाली परेशानी नहीं हो सकेगी। इसी प्रकार परिक्रमा मार्ग के पास बने तालाब से मिट्टी निकलवा कर इसका जीर्णोद्धार कराया जायेगा। तालाब जब वर्षा के पानी से भर जायेगा तो मंदिर पर आने वाले दर्शनार्थी इसमें स्नान भी कर सकेंगे। साथ ही इस पानी का उपयोग पौधों की सिचाई के लिए भी किया जा सकेगा। इसी प्रकार परिक्रमा मार्ग में लाइटिंग की व्यवस्था सार्वजनिक निर्माण विभाग व विद्युत निगम के सहयोग से कराई जायेगी। कार्य प्रारम्भ करते समय चामुण्डा माता कमेटी के अध्यक्ष फतेहसिंह, कुम्हेर नगरपालिका के पूर्व चेयरमैन बृजेश अग्रवाल, तेजेन्द्र फौजदार, कमेटी के पूर्व अध्यक्ष रामवीर, ओम प्रकाश मास्टर, मंदिर के महन्त हरि प्रसाद लवानियॉ सहित आपस पास के गांवों के लोग उपस्थित थे।

रेलवे स्टेशन पर मिली नाबालिग बालिका

धौलपुर, (निसं)। रेलवे स्टेशन धौलपुर पर बीती रात्रि करीब ग्यारह बजे चाइल्ड हेल्पलाइन धौलपुर एवं जीआरपी व आरपीएफ की चैकिंग के दौरान एक नाबालिग बालिका घूमते हुए मिली। जिसकी सूचना जीआरपी के कांस्टेबल दिलीप व चाइल्ड हेल्पलाइन के प्रशांत ने समन्वयक हरवेन्द्र शर्मा को दी। सूचना पाकर हरवेन्द्र शर्मा और चाइल्ड हेल्पलाइन की महिला केस वर्कर निशा को साथ लेकर पहुंचे। जिला समन्वयक शर्मा ने बताया कि धौलपुर स्टेशन पर मिली नाबालिग बालिका की आयु करीब पंद्रह वर्ष है, जो डरी सहमी अवस्था में थी। काउंसलिंग के दौरान बालिका ने अपना नाम अंशिका पांडेय पुत्री प्रताप निवासी संगम विहार दिल्ली का होना बताया, जो कि अपने दादा के साथ मुंबई जाते समय धौलपुर स्टेशन पर बिछड़ गई है। इसके बाद बालिका को रात्रि एक बजे बाल कल्याण समिति अध्यक्ष मधु शर्मा के समक्ष प्रस्तुत किया।

लक्ष्मीकांत शर्मा का सामाजिक संगठनों ने किया सम्मान

भरतपुर (निस)। विभिन्न सामाजिक संगठनों की ओर से श्री ब्राह्मण सभा के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं वरिष्ठ समाजसेवी कौशलेश शर्मा के नेतृत्व में विद्युत विनियामक आयोग जॉन भरतपुर का सदस्य मनोनीत किए जाने पर, उनके निज निवास पर रिटायर्ड अधीक्षण अभियंता लक्ष्मीकांत शर्मा का साफा माला पहनाकर एवं बिहारी जी का प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर उनकी पत्नी का भी सम्मान किया। कार्यक्रम में श्री ब्राह्मण सभा के पूर्व जिलाध्यक्ष कौशलेश शर्मा ने कहा कि आप हमेशा एक कर्तव्यनिष्ठ और ईमानदार व्यक्तित्व के धनी रहे हैं, और आपकी सेवानिवृत्ति व आपके अनुभव का समाज को अवश्य लाभ मिलेगा। सभी प्रतिनिधियों ने उनके उज्जवल भविष्य के लिए उन्हें शुभकामना प्रदान की। इनके मनोनयम के लिए सभी प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर श्री ब्राह्मण सभा के पूर्व जिलाध्यक्ष कौशलेश शर्मा, सेवानिवृत्ति सहायक लेखाधिकारी ईश्वरीप्रसाद शर्मा, अन्नपूर्णा रसोई के संचालक विष्णुदत्त शर्मा, समता आंदोलन समिति जिलाध्यक्ष केदार पाराशर, विप्र फाउंडेशन के पूर्व जिलाध्यक्ष नेमीचंद मुद्गल, सेवानिवृत्ति सहायक अभियंता इंजी. देवकीनंदन शर्मा, एलआईसी के लालचंद शर्मा, जयशंकर जूडो कराटे क्लब के संचालक पीयूष जयशंकर टाईगर, श्री ब्राह्मण सेवा समिति के वरिष्ठ सदस्य पंडित बनवारीलाल शर्मा, देवेंद्र मोहन तिवारी, समता आंदोलन के अशोक शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार राजेंद्र शर्मा जती, समाजसेवी वैद्य दिनेश उपाध्याय आदि अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

योगाभ्यास शिविर नियमित होगा

चूरू, (कासं)। स्थानीय अग्रसेन नगर के प्रताप पार्क में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शुरु किया गया योग शिविर अब नियमित चलेगा। अग्रसेन विकास समिति के अध्यक्ष मदन लाल राजपुरोहित ने बताया कि यह शिविर योग दिवस पर विशेष तैयारी के लिए आर्युवेद विभाग व जिला प्रशासन के तत्वावधान में शुरु किया गया था।

भामाशाहों ने दिया 1 लाख 25 हजार का चैक

सवाई माधोपुर। जिला कलेक्टर डॉ. खुशाल यादव द्वारा जिले में संचालित नवाचार भविष्य की उड़ान से प्रेरित होकर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय डूंगरी में भौतिक सुविधाओं के विकास के लिए सामूहिक रूप से भामाशाहों के माध्यम से 1 लाख 25 हजार रूपये की राशि का चैक विद्यालय के प्रधानाचार्य धर्मेंद्र वर्मा तथा राउमावि भगवतगढ़ प्रधानाचार्य बृजमोहन मीना द्वारा 79 हजार का चैक जिला कलक्टर डॉ. खुशाल यादव ,मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी कृष्णा शर्मा एवं एडीपीसी समठा शिक्षा दिनेश कुमार गुप्ता की उपस्थिति में मुख्यमंत्री जन सहभागिता योजनान्तर्गत जमा करवाने हेतु कलेक्ट्रेट सभागार में जिला प्रभारी मंत्री गौतम कुमार दक को सुपुर्द किया।

प्रभारी मंत्री ने जिले के सरकारी विद्यालयों की आधारभूत संरचना के विकास हेतु शिक्षा विभाग व जिला प्रशासन द्वारा संचालित नवाचार कार्यक्रम की प्रशंसा की तथा इस पहल को आगे भी जारी रखने हेतु प्रोत्साहित किया। अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक ने बताया कि भविष्य की उड़ान कार्यक्रम से जिले के भामाशाह प्रेरित होकर लगातार जिले के विद्यालयों के भौतिक विकास में अपना आर्थिक योगदान दे रहें है जिससे जिले के विद्यालयों में भौतिक संसाधनों की पूर्ति होने से विद्यालयों का स्वरूप में लगातार सुधार हो रहा है। जिला प्रशासन व शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में सरकारी विद्यालयों, आंगनबाड़ियों व सार्वजनिक पुस्तकालयों की आधारभूत संरचना के विकास व सुदृढ़ीकरण हेतु भविष्य की उड़ान कार्यक्रम के अंतर्गत प्राप्त उक्त राशि का उपयोग किया जाता है। कार्यक्रम अधिकारी समठा शिक्षा हेमराज मीना ने बताया कि राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय डूंगरी से मुख्यमंत्री जन सहभागिता योजना अंतर्गत जमा उक्त 1 लाख 25 हजार की राशि में राज्य सरकार से प्राप्त 60 प्रतिशत अंशदान 1 लाख 87 हजार सहित प्राप्त कुल राशि 3 लाख 12 हजार रुपये का उपयोग विद्यालय में आईसीटी लैब तथा डिजिटल स्मार्ट क्लास रूम विकसित करने सहित विद्यालय के अन्य भौतिक विकास कार्यो में उपयोग किया जाएगा। इसी प्रकार राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भगवतगढ़ से मुख्यमंत्री जनसहभागिता योजना अंतर्गत जमा उक्त 79 हजार की राशि में राज्य सरकार से प्राप्त 60 प्रतिशत अंशदान लगभग 1 लाख 18 हजार सहित प्राप्त कुल राशि 1 लाख 97 हजार रुपये का उपयोग एसडीएमसी के माध्यम से विद्यालय की छत मरम्मत करवाने सहित विद्यालय के अन्य भौतिक विकास कार्यों मे उपयोग किया जाएगा।

इस दौरान जिला पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता, अतिरिक्त जिला कलक्टर जगदीश आर्य, नगर परिषद सभापति सुनील तिलकर, खंडार पंचायत समिति प्रधान नरेंद्र चौधरी, जिला अध्यक्ष शुशील दीक्षित, सहायक निदेशक समठा शिक्षा कालूराम बैरवा सहित विद्यालय स्टाफ से धर्म सिंह गुर्जर आदि उपस्थित रहे।

नेहा शर्मा उपाध्यक्ष बनी

भरतपुर (निस)। भरतपुर की नेहा शर्मा को राजस्थान सचिवालय कर्मचारी संघ की कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत किये जाने पर परिवार जनो एवं शहरवासियों ने खुशी जताई है। जयपुर के शासन सचिवालय परिसर में गुरूवार को राजस्थान सचिवालय कर्मचारी संघ की कार्यकारिणी का गठन किया गया। इस दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा व मुख्य सचिव सुधांश पंत की उपस्थिति में जवाहर नगर निवासी नेहा शर्मा को उपाध्यक्ष पद की शपथ दिलाई गई तथा उनका माला पहनाकर स्वागत किया। अध्यक्ष बुद्धिप्रकाश शर्मा व उपाध्यक्ष नेहा शर्मा ने बताया कि कर्मचारियों के कल्याण व हित के लिय कार्य करने के लिए हमेशा तैयार रहेगें।

जरुरतमंदों को कराया निशुल्क भोजन

भरतपुर (निस)। मानव अधिकार संघठन के जिला अध्यक्ष राजेंद्र भारद्वाज, एवं धर्मपत्नी प्रवेश भारद्वाज ने अपने पुत्र डॉ. आदित्य भारद्वाज के जन्मदिन के अवसर पर आरबीएम हॉस्पिटल स्थित श्री अन्नपूर्णा रसोई पर पहुंच कर 101 जरुरत मंदो को निशुल्क भोजन कराया। भारद्वाज दम्पति ने उपस्थित लाभार्थियों को भोजन स्वम अपने हाथों से परोस कर खिलाया, भोजन में कढ़ी, चावल, सब्जी रोटी अचार एवं इमरती मिठाई परोसी गई। लाभार्थियों ने स्वादिस्ट भोजन को आनंदपूर्वक ग्रहण किया। रसोई संचालक विष्णुदत्त शर्मा एवं उपस्थित लाभार्थियों ने भारद्वाज दम्पति को पुत्र डॉ. आदित्य भारद्वाज के जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें दी एवं डॉ. भारद्वाज के स्वस्थ खुशहाल जीवन एवं दीर्घायु की मंगल कामनाये की तथा पुत्र के जन्मदिन पर जरुरतमंदों को भोजन के नेक कार्य के लिए रसोई संचालक ने भारद्वाज दम्पति का आभार एवं धन्यवाद दिया।

फर्जी फोटो अपलोड कर लाखों रुपए का उठा रहे हैं भुगतान

कामां (निस)। राज्य सरकार की योजनाओं को जमीनी धरातल पर पहुंचने से पहले की ठेकेदार व कर्मचारी कर रहे हैं फ़ैल, लाखों रुपए का लगा रहे है चूना, गरीबों को नही मिल रहा सुविधाओं का लाभ। राज्य सरकार ने आमजन व गरीबों की मूलभूत सुविधाएं प्रदान करने के लिए स्वादिष्ट भोजन उपलब्ध कराने के लिए अन्नपूर्णा रसोई योजना का शुभारंभ कर गरीबों को एक सौगात दी जिससे कोई भी व्यक्ति कहीं भी भूखा न सोएं।

कहते हैं कि इंसान भूखा जागता है लेकिन भूखे इंसान को नींद नहीं आती। इसलिए सरकार ने गंभीरता दिखाते हुए अन्नपूर्णा रसोई योजना का शुभारंभ किया। इस योजना से लोगों को राहत मिली लेकिन समय के अनुसार ठेकेदार ने अपना रंग दिखाना शुरू कर दिया और अन्नपूर्णा रसोई योजना में भष्टाचार करते हुए लाखों रुपए का भुगतान उठाने लगें। जिससे स्वादिष्ट भोजन में शिकायत आने लगी और समय पर भोजन नही मिलने का दौर शुरू हो गया।

अन्नपूर्णा रसोई योजना पर काम करने वाले कर्मचारी अपनी रोजी रोटी के चक्कर में ठेकेदार के अनुसार काम करने लग गए, ठेकेदार की मनमर्जी चलती रही सरकार की योजनाओं पर फ़र्क पड़ने लगा।

आज हम बात करते हैं डीग जिले के कामां कस्बे में जहां पर चार अन्नपूर्णा रसोई संचालित है जिनमें तीन अन्नपूर्णा रसोई में सुबह से शाम तक मात्र 50-60 थालियों का टारगेट बड़ी मुश्किल से पूरा होता है जबकि कोसी चौराहे पर स्थित अन्नपूर्णा रसोई योजना लगभग 200 लोगों को भोजन खिलाकर अपना टारगेट पूरा करती है।

संवाददाता ने जब पूरी पड़ताल की तो पता चला कि कोसी चौराहे पर सैकड़ों छोटे छोटे मासूम बच्चे जो कबाड़ा एकत्रित करते हैं कुछ फेरी लगाते हैं उन सभी बच्चों को बारी बारी से बुलाकर फर्जी तरीके से फोटो अपलोड कर 200 थालियों का टारगेट पूरा किया जाता है इसमें सबसे मजेदार बात यह है कि रसोई संचालक व कर्मचारी इधर-उधर से पकड़ पकड़ कर व वुलावुला कर 200 थालियों के टारगेट को पूरा करने के लिए छोटे छोटे मासूम बच्चों की फोटो अपलोड कर उन्हें बिना भोजन कराएं भेज देते हैं।

इस प्रकार का क्रम काफी लंबे समय से चल रहा है। जब हमारे संवाददाता ने छोटे बच्चे से बात की तो पता चला कि उन मासूम बच्चों को इस मामले में कोई जानकारी ही नहीं है कि फोटो किसलिए व क्यूं खिंचे जातें हैं।

मासूम बच्चों को खाना खिलाना तो दूर फोटो अपलोड होने के बाद फ्रिज से ठंडा पानी भी नहीं पीने देते हैं।

बालश्रम, बाल विवाह की रोकथाम में मीडिया की भूमिका पर संवाद

करौली के एक होटल मे बाल श्रम को लेकर हुई प्रेस वर्ता मे मंचस्त अधिकारी

करौली (नि.स.)। जिला प्रशासन एवं एक्शनएड-यूनिसेफ करौली के तत्वावधान में बालश्रम, बाल विवाह की रोकथाम एवं बाल अधिकार संरक्षण में मीडिया की भूमिका पर संवाद एवं प्रेसवार्ता का आयोजन होटल सिद्धी विनायक में किया गया। जिसमें जिला बाल संरक्षण ईकाई,बाल कल्याण समिति,नेहरू युवा केंद्र,सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग, चाइल्ड लाइन के अधिकारियों के साथ जिलें के इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिंट मीडिया संवाददाताओं ने भाग लिया।

एक्शनएड यूनिसेफ जिला समन्वयक दिनेश कुमार बैरवा ने कार्यक्रम की शुरुआत करतें हुए जिलें में बालश्रम,बाल विवाह,भिक्षावृति, नशा,बाल तस्करी,बाल शोषण की रोकथाम एवं बाल अधिकारों के संरक्षण को लेकर जिला प्रशासन एवं एक्शनएड यूनिसेफ द्वारा किये जा रहें कार्यो के बारें में बताया। इस दौरान जिलें में अब तक किये गयें प्रयासों पर प्रकाश डाला साथ ही 24 जून से 13 जुलाई तक जिला प्रशासन एवं एक्शनएड यूनिसेफ द्वारा ड्रॉप आउट एवं शिक्षा व विद्यालयों से वंचित बच्चों को प्रवेश दिलाने एवं सरकारी योजनाओं से जोड़ने के लिए चलायें जा रहे अभियान का प्लान साझां किया गया। शरद त्रिपाठी जिला युवा अधिकारी नेहरू युवा केंद्र करौली ने नेहरू युवा केंद्र द्वारा किशोर,युवा एवं बच्चों के लिए किये जा रहे कार्यो के बारें में जानकारी दी साथ इस कार्य को बेहतर करने के लिए मीडिया से सुझाव मांगे जिसमें पर मीडिया के लोगों ने कहाँ कि बालश्रम,बाल विवाह की रोकथाम को लेकर समुदायिक स्तर पर जन जागरूकता अभियान चलाने एवं पात्र बच्चों को सरकारी योजनाओं से जोड़ने के सुझाव दिये गये साथ ही मुक्त बाल श्रमिकों का हर माह फोलोअप लेना चाहिए जिससे उसकी वर्तमान स्थिति के बारें में जानकारी प्राप्त की जा सकें। सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग के सहायक निदेशक धर्मेन्द्र मीना ने सभी संवाददाताओं को जिलें में बालश्रम, बाल विवाह एवं बाल अधिकार संबंधित मुद्दों को गम्भीरता से उठाने एवं बच्चों के अधिकार आधारित मामलों को गम्भीरता से लेकर अपने अपने चैनल,समाचार पत्रों के माध्यम से जिला प्रशासन का सहयोग करने की बात कही,बाल कल्याण समिति अध्यक्ष अनिल कुमार शर्मा ने जिलें में बालश्रम,बाल विवाह,बाल शोषण आदि प्रकरणों में की गई कार्यवाही के बारे में जानकारी दी गई साथ ही सभी संवाददाताओं से अपील की गई की बाल अधिकारों का संरक्षण करना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है बाल अधिकारों का संरक्षण हेतु मीडिया को बच्चों से जुड़े मामलों को गम्भीरता से उठाकर बाल अधिकार संरक्षण की इस मुहिम में अपना योगदान देना चाहिए इस दोरान बाल अधिकारिता विभाग एवं चाइल्ड लाइन द्वारा बच्चों के संरक्षण को लेकर विभिन्न योजनाओं एवं अन्य सेवाओं से जोड़ने एवं बाल संरक्षण के प्रति विभाग द्वारा काये जा रहे कार्यो के बारे में बताया गया।

डॉ. सुभाष गर्ग ने जन सुनवाई की

भरतपुर (निस)। पूर्व मंत्री एवं भरतपुर विधायक डॉ. सुभाष गर्ग ने शुक्रवार को रनजीत नगर कार्यालय पर जन सुनवाई कर क्षेत्र के लोगों की समस्याओं को सुना और सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को समस्या समाधान करने के निर्देश दिये। साथ ही कार्यकर्ताओं से भी मुलाकत कर राजनैतिक व सामाजिक विषयों पर चर्चा की। डॉ. सुभाष गर्ग द्वारा की गई जन सुनवाई में लोगों ने बाहरी कॉलोनियों में जल भराव की समस्या से अवगत कराया।

- **जल भराव क्षेत्रों में पम्प लगाकर पानी निकासी के दिये निर्देश**

जिस पर उन्होंने नगर सुधार न्यास एवं नगर निगम के अधिकारियों को जल भराव वाले क्षेत्रों में पम्प लगाकर पानी निकासी कराने के निर्देश दिये। उन्होंने नालियों व नालों में जमा हो रही कीचड को निकाल कर सफाई रखने के अधिकारियों को निर्देश देते हुये कहा कि नाले, नालियां साफ होंगे तो वर्षा का पानी आसानी से निकल सकेगा।

इसी तरह उन्होंने बार बार बिजली की कटौती से परेशान हो रहे लोगों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुये बिना सूचना दिये विद्युत कटौती नहीं करने के विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये।

वहीं जलदाय विभाग के अधिकारियों को पेयजल की समुचित व्यवस्था करने और जिन कॉलोनी अथवा मौहल्लों में पानी की समस्या हो वहां पर टैंकरों के माध्यम से पानी की सप्लाई करने के निर्देश दिये।

डॉ. सुभाष गर्ग ने भरतपुर दौरे के दौरान रनजीत नगर कार्यालय पर कार्यकर्ताओं से भी मुलाकत कर क्षेत्र की समस्याओं की जानकारी ली साथ ही सामाजिक और राजनैतिक विषयों पर चर्चा की।